**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 14.06.2026**

**पुलिस आयुक्त गाजियाबाद महोदय के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध 02 दिवसीय विशेष सत्यापन और सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में श्री सुरेन्द्र नाथ तिवारी, पुलिस उपायुक्त ग्रामीण के नेतृत्व में आज दिनांक 13.06.2026 को थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र में यक्ष एप के माध्यम से व्यापक और सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।**

**इस अभियान के दौरान पुलिस उपायुक्त ग्रामीण, सहायक पुलिस आयुक्त लोनी/अंकुर विहार, थाना प्रभारी सहित पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। पुलिस की विभिन्न टीमों ने पूरे क्षेत्र में मुस्तैदी के साथ चप्पे-चप्पे पर चेकिंग की और संदिग्धों से पूछताछ की गयी।**

**अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही और विशेष निगरानी-**

इस अभियान के तहत पुलिस बल द्वारा **यक्ष एप के माध्यम से** थाना लोना बॉर्डर क्षेत्र के शातिर और गंभीर किस्म के अपराधियों को चिन्हित किया गया। इसमें मुख्य रूप से हत्या (Murder), हत्या का प्रयास (Attempt to Murder), सदोष मानव वध (Culpable Homicide), बलवा (Rioting/Rioting with deadly weapons), चोरी, लूट, गौवध एवं अन्य आपराधिक मामलों में लिप्त रहे अपराधियों पर विशेष निगरानी रखी गई और उनका भौतिक सत्यापन किया गया। इस अभियोन के तहत थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र में **कुल 1211 अपराधियों** का सत्यापन किया गया जो निम्न प्रकार हैं।

- हिस्ट्रीशीटर –88
- हत्या-29
- लुटेरे-59
- चोर-370
- स्नेचर-61
- दुष्कर्म/छेडछाड-40
- अन्य –564
- **कुल -1211**

**इस विशेष अभियान के मुख्य उद्देश्य:**

**गंभीर अपराधियों पर नकेल कसना:** हत्या, बलवा और जानलेवा हमला करने वाले अपराधियों के मौजूदा स्थिति, जमानत की शर्तों और उनकी वर्तमान गतिविधियों की कड़ाई से जांच करना।

**बॉर्डर क्षेत्र की सुरक्षा:** लोनी बॉर्डर एक संवेदनशील सीमावर्ती इलाका है, इसलिए अन्य राज्यों या जिलों से आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की कड़ाई से जांच करना।

**अवैध गतिविधियों पर रोक:** क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध हथियारों की आवाजाही और अन्य संदिग्ध गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाना।

**जनता में सुरक्षा का भाव:** आम नागरिकों और व्यापारियों के बीच सुरक्षा का माहौल पैदा करना और कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना।

## थाना मसूरी पुलिस टीम द्वारा आत्महत्या के दुष्पेरण के अभियोग में नामित/ वांछित अभियुक्त एवं अभियुक्ता गिरफ्तार।

दिनांक 11.06.2026 को थाना मसूरी पर प्राप्त तहरीर के आधार पर आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण करने के सम्बन्ध में सुसंगत धारा 108 बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया तथा अभियोग में नामित अभियुक्त एवं अभियुक्ता को गिरफ्तार करने हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया।

ततपश्चात आज दिनांक 13.06.2026 को थाना मसूरी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर उपरोक्त अभियोग में नामित/ वांछित अभियुक्त अभियुक्त अभिषेक कुमार वर्मा पुत्र बाबूराम वर्मा निवासी मौहल्ला जवाहर नगर थाना गजरौला जिला अमरोहा उम्र करीब 20 वर्ष तथा अभियुक्ता रितिका पुत्री जितेन्द्र सिंह निवासी ग्राम यकवगडी थाना रजबपुर जिला अमरोहा उम्र करीब 20 वर्ष को थाना मसूरी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण-**

अभियुक्त अभिषेक कुमार वर्मा व अभियुक्ता रितिका ने पूछने पर बताया कि मृतक अमन सिंह और हम जनपद अमरौहा के रहने वाले हैं। अभियुक्त अभिषेक ने बताया कि मैं ग्राम हरसांव गाजियाबाद में किराये पर रहकर शास्त्री नगर गाजियाबाद में पोलोटैकनिक की पढाई कर रहा हूं व रितिका फ्लौरा एन्क्लेव में किराये पर रहकर IMS कॉलेज गाजियाबाद से बीसीए कर रही है। हमारा दोस्त संजीत जो ग्राम सदरपुर थाना बापूधाम गाजियाबाद का रहने वाला है। मृतक अमन सिंह रितिका से करीब 3-4 साल से बातचीत करता था। अमन सिंह की कुछ समय से रितिका के साथ नाराजगी चल रही थी और रितिका और मैं धीरे धीरे एक दूसरे से बातचीत करने लगे थे। ये बात हमारे दोस्त अमन सिंह को पता लगी तो उसने मुझे व रितिका को उल्टा सीधा बोला था और कहा था कि मुझे अंतिम बार रितिका से मिलकर अपने प्रेम के सम्बन्ध के बारे में स्पष्ट बात करनी है। दिनांक 11.6.2026 को अमन सिंह रितिका के कमरे पर आया था और उसको उल्टा सीधा बोल रहा था रितिका ने फोन करके मुझे व संजीत को भी बुलाया था लेकिन संजीत बाहर से ही अमन सिंह को डरा धमकाकर चला गया था। फिर रात को मैं , रितिका ,

अमन सिंह एक ही कमरे में रहे। अमन ने दूसरे कमरे में अन्दर कुन्डी लगाकर पंखे से लटककर आत्म हत्या कर ली थी।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण के नाम व पता-**

1. अभियुक्त अभिषेक कुमार वर्मा पुत्र बाबूराम वर्मा निवासी मौहल्ला जवाहर नगर थाना गजरौला जिला अमरोहा उम्र करीब 20 वर्ष
2. अभियुक्ता रितिका पुत्री जितेन्द्र सिंह निवासी ग्राम यकवगडी थाना रजबपुर जिला अमरोहा उम्र करीब 20 वर्ष

**आपराधिक इतिहास/ पंजीकृत अभियोग-**

अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना मसूरी पर उपरोक्त प्रकरण के संबंध में 01 अभियोग पंजीकृत किया गया है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

थाना मसूरी पुलिस टीम।

## थाना लोनी पर पंजीकृत (मु०अ०सं० 152/2026) के मामले में पुलिस की कार्यवाही में घटना में शामिल सभी अभियुक्त गिरफ्तार; अपहृत ओमकार की बरामदगी हेतु आधुनिक तकनीक व सघन सर्च ऑपरेशन जारी।

उच्चाधिकारियों के कुशल निर्देशन व मार्गदर्शन में थाना लोनी पुलिस और कमिश्नरेट की विभिन्न विशेष टीमों द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए, अपहृत ओमकार के प्रकरण में घटना को अंजाम देने वाले सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। अपहृत ओमकार की बरामदगी के लिए आधुनिक तकनीक और व्यापक स्तर पर मानवीय संसाधनों का उपयोग करते हुए एक विशाल सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

**सर्च ऑपरेशन एवं अनावरण के मुख्य बिंदु:**

- **सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी:** पुलिस टीमों द्वारा पेशेवर कार्यकुशलता का परिचय देते हुए, उपरोक्त प्रकरण में संलिप्त और घटना कारित करने वाले सभी आरोपियों/अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उनसे गहन पूछताछ के आधार पर आगे के सुराग जुटाए जा रहे हैं।
- **दुर्गम क्षेत्रों में सघन तलाशी:** स्थानीय स्तर पर गंगनहर, अन्य छोटी नहरों, नालों, बंबों, रजवाहों (सिंचाई माइनर), सीमावर्ती क्षेत्रों जैसे अत्यंत दुर्गम एवं संदेहास्पद स्थानों पर टीमें लगातार तलाश की जा रही हैं।

- **हिण्डन नदी में तलाशी:** पुलिस टीमों द्वारा हिण्डन नदी के समीपवर्ती व सम्भावित स्थानों, हिण्डन नदी में मिलने वाले नालों, किनारों तथा अन्य दुर्गम क्षेत्रों में प्रभावी तलाश अभियान चलाया जा रहा है।

- **ड्रोन और अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग:** सर्च ऑपरेशन में प्रभावीरूप से NDR, SDR, फ्लड PAC टीम तथा कुशल स्थानीय व बाहरी गोताखोरों की मदद ली जा रही है। साथ ही, दुर्गम और घने इलाकों की निगरानी के लिए उच्च क्षमता वाले ड्रोन कैमरों का उपयोग किया जा रहा है।

- **अंतर-जनपदीय समन्वय और CCTV निगरानी:** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सहित आसपास के जिलों—बागपत, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर, अलीगढ़, हाथरस आदि में खुफिया तंत्र और स्थानीय मुखबिरों को सक्रिय किया गया है।

- **अज्ञात शवों की शिनाख्त का प्रयास:** विभिन्न जनपदों के DCRB (जिला अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो), मोर्चरी (शवगृहों), नहर के रूट पर पडने वाले थानों से निरंतर समन्वय स्थापित कर 30.05.2026 से अब तक मिले समस्त अज्ञात शवों का रिकॉर्ड मिलाया जा रहा है। अबतक 25 अज्ञात शवों के बारे में विस्तृत जानकारियां जुटाकर मिलान किया जा चुका है।

- **जनता व स्थानीय नागरिकों से संवाद:** संभावित क्षेत्रों के स्थानीय नागरिकों और प्रबुद्ध जनों से पुलिस टीमें लगातार संपर्क में हैं जिसमें कोई भी इनपुट मिलने पर त्वरित कार्यवाही की जा रही है।

- **कण्ट्रौल रूम के माध्यम से जानकारी का प्रयास-** कण्ट्रौल रूम व रेडियोग्राम के माध्यम से अन्य जनपदों एवं सीमावर्ती राज्यों से जानकारी की जा रही है।

**"प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए घटना में शामिल सभी अभियुक्तों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। अपहृत ओमकार की बरामदगी हेतु हमारी कई टीमें पूर्व से पूरी तकनीकी और मानवीय क्षमताओं के साथ धरातल पर जुटी हुई हैं। कई जिलों में व्यापक तलाशी अभियान निरंतर जारी है। हम जल्द ही परिणाम तक पहुंचेंगे।"**